## संक्षिप्त

### वार्षिक उत्सव व श्याम जागरण आज

**नारायणपुर, (निसं)।** क़स्बा स्थित श्री श्याम मंदिर में 22 अप्रेल को 37वां वार्षिकोत्सव व श्याम जागरण बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि सुबह 8 बजे से फतेहपुर चुरू डफ पार्टी द्वारा कस्बे के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली जायेगी दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जायेगा। रात्रि 9 बजे से भजन गायक ममता वाजपेयी (जयपुर), पूजा शर्मा (यूपी), विजेंद्र भार्गव (खेतड़ी झुंझुनू), प्रशांत राजा (अलवर) द्वारा सम्पूर्ण रात्री मीठे-मीठे भजनों से बाबा का गुणगान किया जायेगा।

### 11 साल के बालक ने पूरे माह रोजे रखे

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के लुहारो के मोहल्ला निवासी 11 वर्षीय मुज़म्मिल मन्सूरी ने रमजान के पुरे



महीने रोज़े रखे हैं। बालक के पिता इमरान मन्सूरी ने बताया कि मुज़म्मिल कक्षा पांच का छात्र है जिसने पिछले वर्ष भी रमजान माह में पूरे रोजे रखे थे तथा इस साल भी रमजान माह में पूरे रोजे रख कुरआन की तिलावत की। साथ ही इमरान मन्सूरी ने बताया कि मुज़म्मिल ने अपने दादा हाजी उस्मान गनी के साथ मस्जिद में जाकर पांचों वक्त एवं तरावीह की नमाज अदा की एवं देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

### ऋचा को मिली पी.एच.डी.

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं निवासी ऋचा शर्मा पुत्री गोविन्द नारायण शर्मा ने पी एच डी की उपाधि



राजस्थान विश्व विद्यालय जयपुर से डॉ ओम प्रकाश सिरवी के सानिध्य में प्राप्त की है। वहीं ऋचा शर्मा को पी एच डी की उपाधि मिलने पर परिवार व समाज के लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# विप्र समाज ने भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली

**मालपुरा, (निसं)।** परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को विप्र समाज व विप्र सेना के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

ट्रक स्टेण्ड नीलकंठ महादेव मंदिर से विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, विप्र सेना अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा व युवा विप्र सेना अध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने विप्रजनों

■ विप्रजनों का सम्मान किया

को पिताम्बरी पताका थमा शोभायात्रा को रवाना किया। जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर व्यास सर्किल होते हुए जयपुर रोड गोविन्द महल मैरिज गार्डन पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। गोविन्द महल में आयोजित समारोह में युवा समाज सेवी



विप्र समाज ने मालपुरा में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली।

पुष्पेन्द्र भारद्वाज सांगानेर, विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख प्रतिनिधि विश्वेस कुमार, सदगुरू आश्रम चौक के गुरू राजकुमार शर्मा, विप्र सेना जयपुर जिलाध्यक्ष राजकुमार बागडा, महिला प्रकोष्ट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधु शर्मा, महिला प्रकोष्ट संयोजक पूनम शर्मा, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष पवन शर्मा, विप्र सेना जिलाध्यक्ष भानूप्रकाश गौतम ने विप्रजनो को सम्बोधित करते हुए भगवान परशुराम के बताये मार्ग पर चलने के साथ-साथ शिक्षा के क्षैत्र मे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। सभी विप्रजनों ने एक स्वर में जय परशुराम के घौष लगा एकता का संदेश दिया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर मुख्यमंत्री बजट घोषणा क्रियानिवृत्ति के तहत स्वीकृत 1 करोड 43 लाख की लागत से बनने वाले राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन गोविंदपुरा धाबाई का बलदेव दास महाराज दाऊ धाम, रामरिछपालदास महाराज त्रिवेणी धाम, रामदास महाराज लीलका धाम के द्वारा व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व विधायक प्रत्याशी प्रधान बूंदी देवी गुर्जर की अध्यक्षता एवं जिला पार्षद हर फूल कसाना, पंचायत समिति सदस्य सरोज राजेंद्र सराधना, पूजा शिवपाल चेची के विशिष्ट आतिथ्य में भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। वही राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन हेतु दो बीघा पक्की जमीन भूमिदान करने वाले भामाशाह रामरतन गुर्जर निवासी फतेह पुर बेरी नई दिल्ली का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### जुमातुल विदा की नमाज अदा की



**टोंक, (निसं)।** माहे रमज़ान के आखिरी जुम्मे की नमाज पूरे जिले में जामा मस्जिदों में आयोजित हुई। नमाज के दौरान उलेमाओं ने मुल्क में अमन चैन रहे, इसके लिए दुआएं की, साथ ही नेक रास्ते पर चलने की हिदायत दी गई। शुक्रवार को काफला जामा मस्जिद के बाहर तक रोज़ेदार नमाजियों ने नमाज अदा की। एक तरफ कचहरी के पास तक एवं दूसरी तरफ सुभाष बाजार तक नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए। यहां पर पुलिस आदि का भी विशेष इंतेजाम रहा। जुमातुल विदा की नमाज के बाद हजारों लोगों ने दुआएं खैर की दुआएं की। माहे रमज़ान के आखिरी जुमे को जुमातुल विदा कहा जाता है। हजारों रोज़ेदारों ने काफला जामा मस्जिद, शाही जामा मस्जिद सहित जिले की कई मस्जिदों में नमाज अदा की। काफला जामा मस्जिद में मौलवीं सईद ने नमाज़ अदा कराई। वहीं शाही जामा मस्जिद में इस्लाहुद्दीन खिजर ने नमाज पढ़ाई। मौलवीं सईद ने प्रशासन, बाजार के दुकानदारों सहित जिसने जुमातुल विदा की नमाज़ में अपना सहयोग दिया उनका शुक्रिया अदा किया।

### पोल सहित हाईटेंसन लाइन गिरी

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बामनवास कांकड़ के गांव बैरावास में उस समय हड़कंप मच गया जब 11 हजार वोल्टेज की हाईटेंसन लाइन ट्रांसफार्मर, पोल सहित सड़क पर गिर गयी। गनिमत रही की उस समय बिजली कटी हुई थी। जबकि पास में ही राजकीय प्राथमिक स्कूल में सुबह के समय करीब 80 बच्चे पढ़ रहे थे। ऐसे में बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव में बिजली के पोल लगाए गये हैं, उनको जमीन में पूर्ण रूप से नहीं दबाके ऊपर ही लगा दिया गया, जिसके चलते शुक्रवार सुबह 9 बजे अचानक दो ट्रांसफार्मर सहित पोल गिर गए और हाईटेंसन लाइन रास्ते में गिर गई। जिससे स्थानीय लोगो में बिजली विभाग के प्रति रोष बना हुआ हैं । विभाग के अधिकारीयों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन इसके बाद भी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। दर्जनों महिला और पुरुषों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर रिहायसी इलाके से लाइन को हटाकर खेतो से हाईटेंसन लाइन देने की प्रशासन से अपील की ।

### परिंडे बांधने का संकल्प लिया



**जयपुर, (निसं)।** शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के कुहाड़ा में पक्षियों के लिए भीषण गर्मी में परिंडे बांधने का संकल्प लिया। गर्मियों में पक्षी वातावरण की सुंदरता बनाये रखने में हमारी मदद करते हैं, ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम उनका ध्यान रखें। अपने घरों के आंगन, छत एवं सार्वजानिक स्थानों पर हमें उनके खाने पीने की व्यवस्था करें। इस दौरान निर्मल कुमार, आशीष कुमार, मुकेश कुमार गुर्जर, कालूराम कुम्हार, मनोज कुमार, गोरधन, दाताराम, गोपीलाल, देवकरण कुम्हार, राजेन्द्र, बिहारी लाल गुर्जर, दिनेश राकेश प्रकाश, रतन लाल शर्मा, लालूराम, रोशन कुम्हार, ऋषि प्रजापत, संजू उपस्थित रहे।

### निर्वाण लड्डू चढ़ाया

**दूदू, (निसं)।** कस्बे के जैन मंदिर में जैन समाज के बीसवें तीर्थकर भगवान नमिनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के दौरान निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया।

# बैठक के एजेंडे को छोड़ अन्य मुद्दों पर उलझे पार्षद

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहरी क्षेत्र के सभी 35 वार्डों में चहुमुंखी विकास कार्य करवाये जाने के लिए बोर्ड में चर्चा कर पार्षदों के सुझाव प्रस्ताव लेने के लिए पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने ही बैठक के ऐजेंडे को भूल अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया।

बैठक शुरू होते ही पालिका अध्यक्ष ने सभी पार्षदों से शहर के चहुमुंखी विकास के लिए अपने सुझाव व प्रस्ताव सदन के पठन पर रखने का आग्रह किया। कांग्रेस पार्षदों ने शहर के सौन्दर्यकरण व वार्डों में विकास कार्य करवाये जाने पर चर्चा के बजाय सीधा ही पालिका अध्यक्ष को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक सवाल डाल बार-बार बजट कहां से लायेंगे की बात कहते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा दीपावली के त्यौहार पर उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिए इस बार विशेष आदेश जारी कर नगर निकायों को अलग से बजट स्वीकृति के बावजूद कांग्रेस के ही पार्षदों ने दीपावली व अन्य त्यौहारों पर शहर में सजावट किये जाने के नाम पर पालिका बजट का दुरूपयोग किये जाने के मुद्दे उठा कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा।

तो भाजपा पार्षद डॉ. अंकित जैन ने राष्ट्रीय पर्व सहित सभी समाजों के प्रमुख त्यौहारों पर सजावट व अन्य व्यवस्थाएं किये जाने को नगरपालिका का कर्तव्य व अधिकार बताते हुए कांग्रेस पार्षदों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। निर्दलीय पार्षद सुरेन्द्र राव ने अस्पताल रोड गौरव पथ किनारे करोडो रूपयो के खाली भूखण्ड को पूर्व बोर्ड में महज चार से पांच लाख रूपयों की राशि जमा कर बिना किसी निर्माण के ही गलत रिपोर्ट बना पट्टा जारी कर देने का मामला जोर शोर से उठा पट्टा व अन्य दस्तावेजों की प्रतियां सदन में लहराते हुए पट्टे को निरस्त कर रिक्त भूखण्ड की निलामी की मांग की। मुस्लिम पार्षदों ने किसी भी त्यौहार अथवा जयंती पर पालिका की ओर से किसी प्रकार की सजावट व व्यवस्थाएं नहीं करने की मांग उठाई जिसको लेकर अन्य पार्षदों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया तो जमकर शोर-शराबा हुआ। अध्यक्ष ने बैठक में विकास कार्यों के 18 मुद्दे व योजना पार्षदों के समक्ष रखी। पार्षद आशा नामा का फोकस बृजलाल नगर पैराफेरी क्षेत्र में विकास करवाये जाने पर रहा।

# स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीपदान महोत्सव आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** सर्व समाज के द्वारा श्रीमाधोपुर स्थापना के दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न संगठनों के द्वारा दीपदान महोत्सव का आयोजन ऐतिहासिक शमी वृक्ष बालाजी मंदिर पर किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राजू बागवान ने बताया कि समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार शाम को दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार सन 1761 को जयपुर के तत्कालीन महाराजा माधव सिंह के प्रधान दीवान नोपपुरा निवासी खुशालीराम बोहरा ने कस्बे की स्थापना की थी। 18वीं सदी के पूर्वार्द्ध वैशाख शुक्ल तृतीय (अक्षया तृतीया) को श्रीमाधोपुर की स्थापना की थी। 1945 में नगरपालिका की स्थापना हुई। श्रीमाधोपुर नगर के संस्थापक खुशालीराम बोहरा थे।

कस्बे का नामकरण बोहरा ने जयपुर महाराजा माधवसिंह के नाम पर पदवी को आधार मानते हुए श्रीमाधोपुर किया। श्रीमाधपुर 263वें प्रवेश चलाकर नगर वासियों ने स्थापना दिवस का आयोजन किया कार्यक्रम को संबोधित



सर्व समाज के द्वारा श्रीमाधोपुर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीपदान महोत्सव का आयोजन किया गया।

करते हुए वर्तमान पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महन्त ने कहा कि श्रीमाधोपुर का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस मौके पर डॉक्टर माधव सिंह ने बताया कि पानी के महत्व को बताते हुए पानी सहेजना के बारे में विस्तार से बताए।

इस अवसर लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ,भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर माधव सिंह ,विप्र सेना के विधानसभा अध्यक्ष मुकेश शर्मा, खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण खांडल, पार्षद प्रतिनिधि भरत पेंटर ,पार्षद श्रवण आचार्य ,मनोनीत पार्षद पीडी सैनी ,ज्योतिबा फुले संस्थान के महेश सैनी, विप्र के पवन गोठवाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री उमाशंकर महिंद्रा, विक्रम पातलिया, भामाशाह मुकेश सैनी सब्जीवाला, दिलीप स्वामी ,महेंद्र गोदारा, अशोक सोनी ,रामकिशोर सैनी, रामगोपाल शर्मा, वंशी बिंवाल सिहत सैकड़ों सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम नगर संस्थापक बोहरा राजा खुशहाली राम के चित्र पर माल्यापर्ण किया ।

# जनप्रतिनिधियों ने सांभर में सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर नगर पालिका क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई के अभाव में जगह-जगह गंदगी कायम है।

स्वच्छ मिशन अभियान के तहत सरकार की ओर से दिया गया स्वच्छता का संदेश पूरी तरह से हकीकत की पोल खोल रहा है। इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है कि पालिका के स्तर पर ठेका पद्धित से जिन सफाई कर्मियों से काम लिया जा रहा है उनको समय पर वेतन नहीं मिलने तथा कथित रूप से ठेकेदार की ओर से उनके वेतन में कटौती किया जाना भी रहा है यानी उनको काम के बदले पूरा वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है। दूसरा प्रमुख बताया जा रहा है कि नगर पालिका में बेहतर काम करने वाले स्थाई सफाई कर्मचारियों का काफी अरसा पहले यहां से ट्रांसफर हो चुका है। इसके

■ नियमित साफ सफाई नहीं होने से पर्यटन नगरी की सुंदरता पर लगा दाग

■ नियमित साफ-सफाई के अभाव में जगह-जगह गंदगी कायम

अलावा कुशल प्रबंधन का अभाव है। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से राजकीय यूनानी औषधालय के पीछे व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर स्थापित किया गया कचरा डिपो आज तक शिफ्ट नहीं किया गया है। विगत 10 साल से अधिक समय से इन्हे हटवाने के लिए नगर पालिका के पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, पूर्व पार्षद विष्णु कुमार सिंघानिया की ओर से तत्कालीन बोर्ड के समक्ष सदन में अनेक दफा जोर शोर से इस मुद्दे को उठाया गया लेकिन तमाम विरोध के बावजूद पालिका प्रशासन आज तक इन दोनों स्थानों से कचरा डिपो को शिफ्ट नहीं कर पाया है। यहां के व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख स्थल गोला बाजार, सिंधी बाजार, पुरानी चारा मंडी, तेजाजी चौक की सफाई व्यवस्था के हालात आज भी खराब है। सफाई व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, पार्षद पति सत्यनारायण स्वामी, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, पूर्व पार्षद विनोद गट्टानी,सेवादल पदाधिकारी स़ोमेश अजमेरा, श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माली, एडवोकेट दिव्य राजवीर गुर्जर ने नाराजगी जताते हुई पालिका की कार्यप्रणाली पर अनेक सवाल उठाए तथा सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से असंतुष्ट बताया।

इस मामले में अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव का कहना है कि अगले माह नियमित सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। ठेका पद्धित को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा। इसके पश्चात स्वच्छ मिशन भारत के तहत सफाई व्यवस्था पर पूरा जोर दिया जाएगा तथा लोगों की भावनाओं के अनुरूप नगर को सुंदर बनाया जाएगा।

# कोटपूतली के कृष्णा का म्युजिक एल्बम लॉन्च

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सुदरपुरा ढ़ाढ़ा निवासी 17 वर्षिय गायक कृष्णा मित्तल का गाया हुआ गाना "तन्हा हूं मैं" लोगों की जबान पर चढ़ा हुआ है। गाने को यूट्युब पर रिलीज के महज 24 घण्टे से कम वक्त में 40 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं।

कृष्णा की मनमोहक गायकी ने संगीत की दुनिया में धूम मचा दी है। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को उनका पहला म्युजिक एल्बम देश की सबसे बड़ी संगीत कम्पनी टी-सीरीज द्वारा राजधानी नई दिल्ली के अशोका होटल में लॉन्च किया गया। जिसे कृष्णा मित्तल ने अपनी मधुर आवाज व संगीत से सजाया है। गुरूवार दोपहर 3 बजे अपनी लॉन्च के महज 24 घण्टे में 40 लाख से अधिक संगीत प्रेमियों ने गाने को

■ देश की प्रतिष्ठित कम्पनी टी-सीरीज ने किया पहला एल्बम रिलीज

सुना। श्रोता कृष्णा की मधुर व मनमोहक आवाज की सराहना कर रहे है। एल्बम में भोजपुरी के मशहुर अभिनेता व लोकसभा सांसद मनोज तिवारी एवं अक्षरा सिंह ने भूमिका निभाई है। तिवारी ने भी कृष्णा की आवाज की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य का बड़ा गायक बताया है। कृष्णा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व परिवार को दिया है। उनके पिता डॉ. विष्णु मित्तल अग्रणी समाजसेवी संस्था आओ साथ चले के राष्ट्रीय संयोजक व भाजपा दिल्ली के प्रदेश कोषाध्यक्ष हैं।

### विप्र सेवा समिति की बैठक

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर में शनिवार को परशुराम विप्र सेवा समिति के तत्वाधान में प्रातः 8.15 बजे श्री भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा शाहपुरा नगर में निकाली जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गोड़ विप्र सेवा मण्डल अध्यक्ष नवल मिश्रा, बनवारी लाल गंगावत, दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि श्री परशुराम भगवान की भव्य शोभा यात्रा पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में दीप प्रज्वलन वैदिक मंत्रोच्चार से प्रारंभ की जावेगी। साथ ही राकेश दायमा ने बताया कि शोभायात्रा में सजीव परशुराम भगवान की झांकी, पूज्य संत एवं झांकियां शंखनाद, सजीव झांकियां व राधा कृष्ण, अघोरी, रामदरबार, अर्धनरेश्वर आदि आध्यात्मिक धुन बजाने वाले बैंड सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई- निविदा सूचना**

**संख्या: डबलू / 118 /निविदा/वमई (सम०) जयपुर/ इन्जीनियरिंग दिनांक: 20.04.2023**

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए कमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या / कार्य का नाम:** इंजी./जय/2022-23/19- एडीईएन- फुलेरा **सब डिवीजन:** किशनगढ स्टेशन पर 4 न० एस्केलेटर, 2 न0 लिफ्ट और प्लेटफार्म शेल्टर और प्लेट फॉर्म वर्क का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** 18107031.79 **बिड प्रतिभूति राशि:** 240600.00 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड - मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा संख्या इंजी./ जय / 2023-24 / 19 की बन्द होने की तिथि 15.05.2023 समय: 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 15.05.2023 समय 16.00 बजे। 418-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


# अलवर में सरपंचों ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** प्रधानमंत्री आवास योजना, एसएफसी की किस्त, पंचायत राज से जुड़े मसलों को लेकर शुक्रवार को जिले के सरपंच अलवर पहुंचे। यहां जिला परिषद कार्यालय में गए, राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सरकार को चेताया कि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो प्रशासन को राहत कैंप भी नहीं करने देंगे।

जिला कलेक्टर अलवर को दिए

■ मांगें नहीं मानी तो महंगाई राहत कैंपों का पंचायत स्तर पर करेंगे बहिष्कार

गए ज्ञापन के माध्यम से सरपंचों ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से चली आ रही सरपंच संघ की मांगों को लेकर कई बार आंदोलन करने, महापड़ाव आदि के करने सार्थक परिणाम नहीं निकलने से नाराज होकर 24 अप्रेल से पहले यदि सरपंचों की मांगे नहीं मानी गई तो मजबूर होकर प्रशासन गांवों के संग अभियान जिसमें महंगाई राहत कैंप आयोजन का सभी सरपंच बहिष्कार करेंगे। सरपंच संघ जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने जिला कलेक्टर अलवर को मुख्यमंत्री




अलवर पहुंचे सरपंचों ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री के नाम मांग पत्र देकर बताया कि सरपंच संघ की मांग है कि छठे वित्त आयोग की बकाया 3 किस्तों की राशि ग्राम पंचायतों को स्थानांतरित करते हुए 73 वें संविधान संशोधन को पूर्ण रुप से लागू करें। ईटेंडरिंग प्रथा को खत्म करके तीन कोटेशन से अथवा बीएसआर रेट पर कार्य करवाया जय जैसा दूसरे प्रदेशों में है। सरपंच कल्याण कोष की स्थापना करते हुए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सरपंच की मौत होने पर 10 लाख रुपए, पंच पर 2 लाख रुपए, जिला परिषद सदस्य को 5 लाख रुपए दिए जाते हैं एवं हरियाणा में सरपंचों को पेंशन, उसी प्रकार की घोषणा करें। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित परिवारों के नए सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए पोर्टल शुरू करें तथा पिछले वर्ष के आवेदन के परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिया जाए। वहीं मनरेगा सामग्री का 31 मार्च 2023 तक का बकाया भुगतान करते हुए 10 जिलों की बकाया राशि पंचायतों को स्थानांतरित की जाए। पी एम ए वाई पुरानी स्वीकृत राशि जारी कर पोर्टल को खोला जाए।

इस दौरान बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश रावत, नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष अजीत यादव, रामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह बामबोली, गोविंदगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, जगदीश शर्मा, कठूमर ब्लॉक अध्यक्ष जार्मल जाटव, तिजारा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश खांब्रा, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बब्बन यादव, दीपाली यादव ,उषा यादव, प्रियंका नरूका आदि सरपंच मौजूद रहे।

### सांसद राठौड़ 108 कुण्डीय महायज्ञ में पहुंचे

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र आमेर के ग्राम रूण्डल स्थित जमदग्नि ऋषि परशुराम रेणुका आश्रम में चल रहे 108 कुण्डीय श्री महालक्ष्मी गणेश महायज्ञ में पहुंचकर साधु संतों का आशीर्वाद लिया और ग्राम वासियों के परिवार की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। आश्रम के विकास के लिए 10 लाख रूपये सहयोग राशि देने की घोषणा की।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा साधु का जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित होता है। जन कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए वे हमेशा हवन और पूजा पाठ करते रहते है। यज्ञ से श्रेष्ठ अन्य कोई सतकर्म नहीं है।

इस दौरान महायज्ञ के संयोजक रविदास महाराज ने सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से कहा यह संतों की पवित्र भूमि है समस्त ग्रामवासी चाहते हैं कि यहां पर गुरूकुल की स्थापना की जाए।

साथ ही उन्होंने आश्रम के सामने परशुराम डूंगरी के नाम से विख्यात पहाड़ी पर अवैध खनन को बंद करने की भी मांग सांसद से की। बाल मुकुंदाचार्य जी ने गुरूकुल की स्थापना के लिए कर्नल राज्यवर्धन से सहयोग करने की मांग की।

### रेल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**फुलेरा, (निसं)।** संयुक्त मोर्चा एनजेसीए के संयुक्त तत्वावधान में एनपीएस के विरोध में हर माह की 21 तारीख को फिक्स किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को फुलेरा रेलवे स्टेशन ( लॉबी ) पर नॉर्थ वेस्टर्न एंप्लाइज यूनियन, उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, ओबीसी एसोसिएशन, एससी एसटी एसोसिएशन द्वारा सांय 17.15 बजे एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें नरेन्द्र सिंह चाहर, खगेश भारद्वाज, किशन लाल, हमीर सिंह, मनोज कुमावत, शंकर लाल चौधरी, प्रह्लाद राम, सुनील यादव, भागचंद गुर्जर, मनीष शर्मा, एच के मीना, जितेन्द्र कुमावत, भव्य ओबेराय, भगवती प्रसाद सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### विशाल सत्संग समारोह 30 को

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय गांधी पार्क के समीप स्थित संत घासीराम के समाधि स्थल पर 30 अप्रेल को विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। आचार्य ओमप्रकाश नकवाल ने बताया कि संत घासीराम समाधि स्थल पर 30 अप्रेल को विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे एवं पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### सी.एल.जी. की बैठक

**फागी, (निसं)।** कस्बे के थाना परिसर में सी एल जी की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाधिकारी भंवर लाल वैशणव ने अक्षय तृतीया को होने वाले बालविवाह की रोकथाम के लिए सदस्यों को उचित सूचना देने की सलाह देते हुए क्षेत्र में आयोजित परशुराम जयन्ती के साथ ही ईद के त्यौहार को सौहार्द पूर्वक मनाने एवं आपसी भाईचारा रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कस्बे के मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से मुक्ति का मुदा सदस्यों ने गम्भीरता से उठाया जिस पर थानाधिकारी ने समस्या के निजात के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई - निविदा सूचना**

**सं. ईएल/118/01, 02 / 2023. - 24 / डब्ल्यू 6 / टीएफ दिनांक: 20.04.2023**

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है । **क्र सं.1. एनआईटी संख्या: ईएल/जेपी/01/2023-24 कार्य का नाम:** JP-Improvement and reliability of the power supply system at Rail Nikunj, PHOD Colony and GTJT Tower Colony at Jagatpura. **अनुमानित लागत:** 13475790/-. **बयाना राशि:** 217400/-. **निविदा खोलने की तिथि:** 12.05.2023. **क्र सं.2. एनआईटी संख्या: ईएल/जेपी/02/2023-24. कार्य का नाम:** JP- Electrical work in c/w Office & Store for use of C&W department at Saloon siding & Construction of RCC OH tank near new VVIP siding at Jaipur. **अनुमानित लागत:** 1431012/-. **बयाना राशि:** 28600/-**निविदा खोलने की तिथि:** 12.05.2023. **नोट: ई-निविदा की अंतिमतिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 423-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## भूल सुधार

दैनिक राष्ट्रदूत के अंक 21.4. 2023 में प्रकाशित प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका सांभरलेक, जिला जयपुर की ओर से जारी लोक सूचना में नपासा/ भू.शा./2022-23/175 दिनांक 19. 4. 2023 के विज्ञापन की अंतिम पंक्ति में "नगरपालिका लालसोट" के स्थान पर "नगरपालिका सांभरलेक" शुद्ध कर पढ़ा जाए। शेष यथावत रहेगा।